प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.01.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता सुनिश्चित करने के लिए ऐसा करना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा अब सोशल मीडिया से जानकारी प्राप्त कर रहे हैं और विभिन्न मुद्दों पर रूचि ले रहे हैं।

.................................................

## मादक पदार्थ तस्करी

गृहमंत्री अमित शाह आज मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर नई दिल्ली में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में मादक पदार्थों की तस्करी के राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव को लेकर चर्चा की जाएगी। गृह मंत्री दो हजार चार सौ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थों को नष्ट करने के लिए अभियान की शुरूआत भी करेंगे।

सम्मेलन में उत्तर भारत के आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। गृह मंत्रालय वर्ष 2047 तक देश को नशा–मुक्त बनाने के लिए तीन–सूत्री नीति लागू कर रहा है। इसमें संस्थागत ढांचे को मजबूत करना और जन–जागरूकता अभियान शुरू करना शामिल हैं।

.................................................

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू इन दिनों हमीरपुर जिले के दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री ने कल जिला के नादौन में अग्निशमन उप–केंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र में दो अग्निशमन वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं। इसके माध्यम से आगजनी जैसी घटनाओं में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए इसे नियंत्रण करने की सुविधा मिलेगी, जिससे क्षेत्रवासियों को लाभ होगा। उन्होंने लोगों से इन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की ताकि उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत हो सके।

इस बीच मुख्यमंत्री सेरा में आज जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। मुख्यमंत्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अमेहड़ में राजीव गांधी आदर्श डे बार्डिंग स्कूल की आधारशिला रखेंगे, वहीं गलोड़ के हड़ेटा में आजीविका सृजन परियोजना नवजीवन की आधारशिला रखेंगें और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे हमीरपुर संवाददाता हरीश नंदा........

.................................................

## मानव तस्करी जागरूकता दिवस

आज राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस है। इस दिन का उददेश्य मानव तस्करी की दुर्दशा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ उनके अधिकारों को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना है। 50 से अधिक स्थापित संगठन हैं जो आज विश्व स्तर पर इस अवैध प्रथा का मुकाबला कर रहे हैं।

...............................................

टेबल टेनिस

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा है कि वर्ष 2025 शिमला जिला में टेबल टेनिस खेल को बढ़ावा देने के लिए समर्पित होगा। उपायुक्त कल शिमला जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ मुहिम और युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए जिला स्तरीय इंटर स्कूल प्रतियोगिता मई महीने में आयोजित की जाएगी। इसके लिए सभी स्कूलों से पत्राचार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक बच्चे इसमें भाग ले सकें।

...............................................

मौसम

प्रदेश में आज से मौसम के करवट लेने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी की सम्भावना जताई है। वहीं मैदानी इलाकों में आगामी 24 घंटे तक शीत लहर और कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि

...............................................